Seat No. : ______________

# MD-111(H)

**March-2025**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-302-A : Management Accounting – 1**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) प्रबन्ध लेखांकन को परिभाषित कीजिए। प्रबन्ध लेखाकार के कार्यों की चर्चा कीजिए। **7**

1. (B) प्रबन्ध लेखांकन के साधन एवं तकनीकों की चर्चा कीजिए। **7**

**अथवा**

1. नयना कंपनी की निम्न जानकारी से सामान्य आकार का पत्रक तैयार कीजिए : **14**

**बैलेंस शीट**

| विवरण | 31-03-2023 ₹ | 31-03-2024 ₹ |
|---|---|---|
| **देयताएँ** | | |
| **अंश पूँजी :** | | |
| समता अंश पूँजी | 4,80,000 | 6,00,000 |
| प्रिफरेन्स अंश पूँजी | 1,20,000 | 1,20,000 |
| | **6,00,000** | **7,20,000** |
| **आरक्षित एवं आधिक्य :** | | |
| आरक्षित निधि | 13,200 | 15,600 |
| घसारा निधि | 10,800 | 14,400 |
| लाभ-हानि खाता | 96,000 | 50,400 |
| | **1,20,000** | **80,400** |
| | **7,20,000** | **8,00,400** |
| **दीर्घकालीन ऋण :** | | |
| बैंक लोन | 30,000 | 90,000 |
| डिबेन्चर | 60,000 | 1,80,000 |
| | **90,000** | **2,70,000** |
| **चालू देयताएँ :** | | |
| व्यापारिक देय | 2,85,600 | 96,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 12,000 | 32,400 |
| अदत्त डिविडन्ड | 2,400 | 3,600 |
| अदत्त व्यय | 7,200 | 8,400 |
| | **3,07,200** | **1,40,400** |
| **कुल** | **11,17,200** | **12,10,800** |

| परिसम्पत्तियाँ | | |
|---|---|---|
| **स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| ख्याति | 30,000 | 60,000 |
| जमीन | 51,000 | 75,000 |
| भवन | 39,000 | 1,05,000 |
| मशीनरी | 3,21,000 | 4,18,800 |
| वाहन | 18,600 | 1,20,000 |
| | **4,59,600** | **7,78,800** |
| **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| माल–सूची | 1,92,000 | 1,56,000 |
| व्यापारिक प्राप्य | 2,52,000 | 1,62,000 |
| नकद शेष | 45,000 | 12,000 |
| बैंक शेष | 87,000 | 33,000 |
| लघुकालीन निवेश | 30,000 | 21,000 |
| अन्य चालू परिसम्पत्तियाँ | 12,600 | 27,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 39,000 | 21,000 |
| | **6,57,600** | **4,32,000** |
| **कुल** | **11,17,200** | **12,10,800** |

2. हर्शिल लि. की 31-03-2024 की संक्षिप्त बैलेंस शीट निम्न है : **14**

| विवरण | नोट | ₹ |
|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं देयताएँ :** | | |
| **(1) शेयरधारकों की निधि :** | | |
| (a) अंश पूँजी : | | |
| ₹ 100 प्रत्येक के समता अंश | | 15,00,000 |
| ₹ 100 प्रत्येक के 12% प्रिफरेन्स अंश | | 7,50,000 |
| (b) आरक्षित एवं आधिक्य : आरक्षित निधि | | 3,75,000 |
| **(2) गैर–चालू देयताएँ :** | | |
| (a) दीर्घकालीन उधार : | | |
| 10% डिबेन्चर | | 1,50,000 |
| (b) दीर्घकालीन प्रावधान : | | |
| कर्मकार बचत खाता | | 75,000 |
| भविष्य निधि | | 75,000 |
| **(3) चालू देयताएँ :** | | |
| (a) व्यापारिक देय : | | |
| लेनदार | | 2,25,000 |
| देय विपत्र | | 30,000 |
| (b) अन्य चालू देयताएँ : बैंक ओवरड्राफ्ट | | 45,000 |
| **कुल** | | **32,25,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | | 10,50,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी | | 4,50,000 |
| फर्नीचर एवं फिटिंग्स | | 3,00,000 |
| (b) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| डिबेन्चर छूट | | 75,000 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (a) चालू निवेश : | | |
| अस्थायी निवेश | | 3,00,000 |
| (b) माल–सूची : स्टॉक | | 5,25,000 |
| (c) व्यापारिक प्राप्य : | | |
| देनदार | | 3,75,000 |
| प्राप्य विपत्र | | 75,000 |
| (d) नकद एवं नकद समकक्ष : नकद शेष | | 75,000 |
| **कुल** | | **32,25,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) वर्ष के लिए सकल लाभ ₹ 9,00,000 है ।

(2) वर्ष के लिए निवल लाभ (ब्याज एवं कर पूर्व) ₹ 5,40,000 है ।

(3) कर की दर 50% है ।

(4) वर्ष के दौरान कुल विक्रय ₹ 25,20,000 है ।

(5) नकद विक्रय उधार विक्रय का 2/5 है ।

(6) आरम्भिक स्टॉक ₹ 2,25,000 है ।

उपरोक्त विवरणों से, निम्न अनुपातों की गणना कीजिए : (आवश्यक गणनाएँ वर्ष में 300 दिवस के आधार पर होनी चाहिए ।)

(1) शुद्ध लाभ अनुपात

(2) परिचालन व्यय अनुपात

(3) देनदारों का अनुपात

(4) प्रयुक्त पूँजी पर प्रतिफल की दर

(5) शेयरधारकों की निधि पर प्रतिफल की दर

(6) चालू अनुपात

(7) प्रति अंश आय

**अथवा**

2. (A) अनुपात विश्लेषण की सीमाएँ बताइए। **7**

2. (B) निम्न जानकारी से निवेश पर प्रतिफल की दर ज्ञात कीजिए : **7**

| **विवरण** | **₹** |
|---|---|
| समता अंश पूँजी | 10,00,000 |
| 12% प्रिफरेन्स अंश पूँजी | 6,00,000 |
| विक्रय | 6,87,500 |
| शुद्ध लाभ (ब्याज एवं कर पूर्व, कर की दर 50%) | 6,00,000 |
| 10% डिबेन्चर | 8,00,000 |

3. जैनिल क. लिमिटेड की निम्न बैलेंस शीट्स से लेखांकन मानक-3 के अनुसार नकद प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : **14**

| **विवरण** | **नोट** | **31-03-2023 ₹** | **31-03-2024 ₹** |
|---|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं देयताएँ :** | | | |
| **(1) शेयरधारकों की निधि** : | | | |
| (a) अंश पूँजी : | | | |
| प्रत्येक ₹ 10 का पूर्ण प्रदत्त समता अंश | | 1,50,000 | 2,25,000 |
| (b) आरक्षित एवं आधिक्य : | | | |
| प्रतिभूति प्रीमियम | | 7,500 | 11,250 |
| सामान्य आरक्षित | | 60,000 | 78,750 |
| पूँजी आरक्षित | | 1,000 | 10,000 |
| लाभ–हानि खाता | | 1,35,000 | 1,38,000 |
| **(2) गैर–चालू देयताएँ** : | | | |
| (a) दीर्घकालीन उधार : | | | |
| 15% डिबेन्चर्स | | – | 37,500 |
| 20% बैंक लोन | | – | 30,000 |
| (b) दीर्घकालीन प्रावधान : | | | |
| घसारा निधि | | 15,000 | 22,500 |
| **(3) चालू देयताएँ :** | | | |
| (a) व्यापारिक देय : | | | |
| लेनदार | | 11,250 | 15,000 |
| देय विपत्र | | 3,375 | 13,500 |
| (b) लघुकालीन प्रावधान : | | | |
| कराधान के लिए प्रावधान | | 30,000 | 39,000 |
| **कुल** | | **4,13,125** | **6,20,500** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ** : | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| भूमि एवं भवन | | 2,02,500 | 1,65,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी (लागत पर) | | 22,500 | 1,50,000 |
| फर्नीचर | | 24,750 | 51,750 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ : ख्याति | | 32,500 | 25,000 |
| (b) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| डिबेन्चर छूट | | 4,500 | 750 |
| प्रारम्भिक व्यय | | 8,625 | 7,500 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (a) माल–सूची : स्टॉक | | 30,000 | 55,500 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य : | | | |
| देनदार | | 33,750 | 45,000 |
| प्राप्य विपत्र | | 22,500 | 30,000 |
| (c) नकद एवं नकद समकक्ष : | | | |
| नकद शेष | | 31,500 | 90,000 |
| **कुल** | | **4,13,125** | **6,20,500** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) भूमि का एक टुकड़ा बेचा गया था और लाभ पूँजी आरक्षित में अन्तरित किया गया था ।

(2) वर्ष के दौरान 10% छूट पर डिबेन्चर जारी किए गए थे ।

(3) वर्ष के दौरान सामान्य आरक्षित से 4 : 1 के अनुपात में बोनस अंश जारी किए गए थे ।

(4) वर्ष 2023-24 में समता अंश पर वर्ष 2022-23 के लिए 15% पर डिविडन्ड घोषित किया गया एवं भुगतान किया गया ।

(5) 01-04-2023 को बैंक से एक लोन लिया गया था । जिसका चालू वर्ष के अन्त से पाँच समान किस्तों में पुनर्भुगतान किया जाना था ।

(6) 2022-23 के लिए करों की अन्तिम देयता ₹ 22,500 निर्धारित की गई और यह चुकाई गई । कराधान के लिए प्रावधान का आधिक्य सामान्य आरक्षित में अन्तरित किया गया था ।

(7) ₹ 22,500 के लागत मूल्य वाली एक मशीन जिस पर संचित घसारा ₹ 6,000 था, ₹ 13,500 में बेची गई ।

**अथवा**

3. (A) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : लाभ पर गैर–नकद मदों का प्रभाव **7**

3. (B) तीर्थ लिमिटेड के निम्न विवरणों से, 2023-24 के लिए प्रचालनों से नकद प्रवाह की गणना कीजिए : **7**

वर्ष के दौरान लाभ ₹ 1,80,000

| **विवरण** | **31-03-2023 ₹** | **31-03-2024 ₹** |
|---|---|---|
| स्टॉक | 50,000 | 60,000 |
| देनदार | 80,000 | 72,000 |
| देय विपत्र | 12,000 | 10,000 |
| लेनदार | 32,000 | 44,000 |
| प्राप्य विपत्र | 16,000 | 21,000 |
| अदत्त व्यय | 2,400 | 3,200 |
| प्राप्य आय | 3,000 | 3,400 |

4. नीता लि. के लिए विक्रय कीमत के % के पदों में माल की लागत निम्न अनुसार है : **14**

| | |
|---|---|
| मालसामान | 20% |
| मजदूरी | 10% |
| कारखाना खर्च | 20% |
| घसारा | 15% |

विक्रय के अनुमान निम्नानुसार हैं :

| **माह** | **विक्रय (₹)** |
|---|---|
| जनवरी | 4,50,000 |
| फरवरी | 7,50,000 |
| मार्च | 9,00,000 |
| अप्रैल | 12,00,000 |
| मई | 12,00,000 |
| जून | 15,00,000 |
| जुलाई | 15,00,000 |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) कुल विक्रय का 1/4 नकद विक्रय मानिए ।

(2) हर माह स्थायी कार्यालय व्यय के ₹ 3,00,000 चुकाने हैं ।

(3) मई, 2024 में ₹ 75,000 आयकर देय है ।

(4) प्रत्येक माह के प्रत्याशित विक्रय के लिए, आवश्यक खरीदी पूर्व माह में की जाती हैं । माल की खरीदी उधार की जाती हैं ।

(5) समय अन्तराल :

| | |
|---|---|
| उधार विक्रय | 2 माह |
| उधार क्रय | 1 माह |
| मजदूरी | 1/2 माह |
| कारखाना व्यय | 1/4 माह |

(6) 01-04-2024 को नकद एवं बैंक शेष ₹ 30,000

जून, 2024 को समाप्त होते तीन माह के लिए नकद बजट तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) बजटीय नियन्त्रण की सीमाओं की चर्चा कीजिए । **7**

4. (B) चिराग लि. उत्पादन बजट के आधार पर अपना सामग्री आवश्यकता बजट बनाना चाहता है । कम्पनी में दो विभाग हैं । प्रत्येक विभाग में कच्ची सामग्री के उपभोग का विवरण निम्न अनुसार है : **7**

विभाग 1 में कच्ची सामग्री X और Y प्रयुक्त होती हैं और विभाग 2 में कच्ची सामग्री P और Q प्रयुक्त होती हैं ।

प्रत्येक प्रकार की सामग्री का उपभोग निम्न अनुसार है :

(1) उत्पाद ओरेन्ज में Y की 1 इकाई और P की 2 इकाइयाँ

(2) उत्पाद ऐप्पल में X की 2 इकाइयाँ तथा P और Q प्रत्येक की 1 इकाई

(3) उत्पाद चेरी में X की 1 इकाई, P की 2 इकाइयाँ और Y की 1 इकाई

प्रत्येक इकाई की मानक कीमत X की 50 पैसे, Y की 10 पैसे, P की 30 पैसे, Q की 20 पैसे है । उत्पादन बजट तीनों उत्पादों का क्रमशः 44,000 इकाइयाँ, 36,000 इकाइयाँ और 48,000 इकाइयाँ उत्पाद दर्शाता है ।

वर्ष 2023-24 के लिए सामग्री आवश्यकता बजट तैयार कीजिए ।

5. सही विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) प्रबन्ध लेखांकन में परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन के दौरान उनकी _________ ध्यान में ली जाती हैं ।

(a) प्रतिस्थापन मूल्य (b) घसारा पश्चात् कीमत

(c) मूल कीमत (d) इनमें से कोई नहीं

(2) निम्न में से कौन सा प्रबन्ध एवं प्रबन्ध लेखांकन का कार्य है ?

(a) पूर्वानुमान एवं नियोजन (b) अभिप्रेरण

(c) संप्रेषण (d) यह सभी

(3) निम्न में से कौन सी वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की पद्धति है ?

(a) अनुपात विश्लेषण (b) नकद प्रवाह विवरण

(c) निधि प्रवाह विवरण (d) यह सभी

(4) निम्न में कौन सा लाभप्रदता अनुपात में शामिल नहीं हैं ?

(a) सकल लाभ अनुपात (b) शुद्ध लाभ अनुपात

(c) प्रति अंश आय (d) स्कन्ध आवर्त अनुपात

(5) एक कम्पनी ने ₹ 50,000 के डिबेन्चर जारी किए हैं, इसकी प्रिफरेन्स अंश पूँजी ₹ 50,000 और समता अंश पूँजी ₹ 2,50,000 है । पूँजी गियरिंग अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(a) 40% (b) 10%

(c) 35% (d) 20%

(6) एक कम्पनी में हस्तगत नकद ₹ 25,000; बैंक शेष ₹ 1,12,500 और तैयार विक्रेय प्रतिभूतियाँ ₹ 62,500 तथा तरल देयताएँ ₹ 3,00,000 हैं । ऐसिड-टेस्ट अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(a) 0.08:1 (b) 0.46:1

(c) 0.67:1 (d) 0.35:1

(7) एक कम्पनी में निवेश का आरम्भिक शेष ₹ 50,000 था और इसका अन्तिम शेष ₹ 60,000 था । वर्ष के दौरान कुछ निवेश ₹ 8,500 में बेचे गए थे और ₹ 18,000 मूल्य के नए निवेश खरीदे गए थे । बेचे गए निवेश पर अर्जित लाभ ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 500 (b) ₹ 1,000

(c) ₹ 750 (d) ₹ 1,500

(8) निम्न में से कौन सा निवेशी गतिविधियों से नकद प्रवाह है ?

(a) मशीन के विक्रय से प्राप्ति

(b) डिबेन्चर जारी करना

(c) मशीनरी पर लगाया घसारा

(d) प्रिफरेन्स डिविडन्ड का भुगतान

(9) निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(a) बजट भविष्य के लिए अल्पकालीन नियोजन है ।

(b) बजटीय नियन्त्रण का ध्येय वास्तविक निष्पादन आँकड़ों के साथ पूर्वनिर्धारित आँकड़ों की तुलना द्वारा वास्तविक निष्पादन पर नियन्त्रण रखना है ।

(c) जहाँ बजटीय नियन्त्रण परिचालन में होता है, उन कम्पनियों में संसाधनों का इष्टतम प्रयोग होता है ।

(d) बजट द्वारा, व्यवसाय की सभी गतिविधियाँ शीर्ष प्रबन्ध के हाथों में केन्द्रित होती हैं ।

(10) खरीद बजट के अनुसार, मालसामान खरीदी = _________.

(a) उत्पादन के लिए आवश्यक मालसामान

(b) उत्पादन के लिए आवश्यक मालसामान + अन्तिम स्टॉक – आरम्भिक स्टॉक

(c) उत्पादन इकाइयाँ × प्रति इकाई आवश्यक मालसामान

(d) उत्पादन के लिए आवश्यक मालसामान + आरम्भिक स्टॉक – अन्तिम स्टॉक

(11) अगस्त और सितम्बर का वेतन क्रमशः ₹ 6,000 और ₹ 7,500 है । समय अन्तराल 1/3 माह है । सितम्बर में भुगतान की जाने वाली राशि की गणना कीजिए ।

(a) ₹ 7,000 (b) ₹ 2,000

(c) ₹ 5,000 (d) ₹ 13,500

(12) निम्न में से कौन सा एक शून्य आधारित बजट का लाभ नहीं है ?

(a) लोचशीलता का अभाव (b) नीति निर्माण में उपयोगी

(c) समग्र क्षमता में वृद्धि (d) दीर्घकालीन आयोजन में निरन्तरता

---